# 11 लाख की ब्राउन शुगर के साथ तस्कर धराया

**क्राइम ब्रांच ने रेलवे माल गोदाम क्षेत्र में की बड़ी कार्रवाई**

**आरोपी के खिलाफ पहले से दर्ज हैं नौ प्रकरण**



**इंदौर. क्राइम ब्रांच ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए रेलवे माल गोदाम, लक्ष्मीबाई नगर क्षेत्र से ब्राउन शुगर के साथ एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से 102.76 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 11 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है.**

डीसीपी क्राईम राजेश त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस की टीम शहर में संदिग्धों की तलाश और चेकिंग कर रही थी. इसी दौरान रेलवे माल गोदाम क्षेत्र में खड़ी मालगाड़ियों के बीच से एक युवक आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा. पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम चिंटू उर्फ चिंट्टी वर्मा, निवासी भागीरथपुरा, इंदौर बताया. संदेह के आधार पर उसकी तलाशी ली गई, जिसमें उसकी जेब से 102.76 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई.

### मालगाड़ियों की सफाई का काम करता है आरोपी

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह सस्ते दामों में ब्राउन शुगर खरीदकर नशे के आदी लोगों को महंगे दामों पर बेचता था. आरोपी रेलवे में मालगाड़ियों की सफाई का काम करता है और पांचवीं कक्षा तक पढ़ा हुआ है. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उस पर पहले से 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 5 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित हैं. अब इस मामले में भी आरोपी के खिलाफ क्राइम ब्रांच थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है. आरोपी से नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है.

# 13.30 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो शातिर तस्कर धराए

**दो लाख रुपए है बरामद की गई ब्राउन शुगर की कीमत**

**रिमांड पर लेकर पूरे नेटवर्क की जानकारी ले रही पुलिस**

**मादक पदार्थ तस्करी और नशे के खिलाफ अभियान**





आरोपियों ने अपना नाम रोहन कदम उम्र 24 वर्ष, निवासी भाग्य लक्ष्मी कॉलोनी, एमआर-10 रोड और गोपाल उर्फ दीपक अहिरवार उम्र 23 वर्ष, निवासी हीरानगर मेन रोड बताया.

**इंदौर.** शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और नशे के नेटवर्क पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हीरानगर पुलिस ने ब्राउन शुगर की तस्करी में शामिल दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से करीब 13.30 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग दो लाख बताई जा रही है.


पुलिस उपायुक्त जोन-3 राजेश व्यास ने बताया कि हीरानगर पुलिस की टीम ने क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए यह सफलता हासिल की. 6 फरवरी 2026 को पुलिस टीम इलाके में गस्ती और संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान आदित्य गेटवे बिल्डिंग के पीछे नाले के पास एमआर-10 रोड पर दो युवक एक मोटरसाइकिल एमपी 09 एक्स 3744 के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़े मिले. पुलिस वाहन देखते ही दोनों भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया. पूछताछ में

### दोनों आरोपियों पर पहले भी हैं कई मामले दर्ज

तलाशी में थैली में रखी ब्राउन शुगर बरामद हुई, वजन 13.30 ग्राम पाया गया. पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी नशे की लत पूरी करने और जल्दी पैसा कमाने की नीयत से सस्ते दामों में मादक पदार्थ खरीदकर महंगे दामों में बेचते थे. दोनों आरोपी पूर्व से आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं. आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर ब्राउन शुगर जब्त की गई है. दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमांड लिया जा रहा है, साथ ही पुलिस उनसे मादक पदार्थ की सप्लाई चेन और अन्य संलिप्त लोगों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है.

# एरोड्रम पुलिस ने भी पकड़ी 8.75 ग्राम ब्राउन शुगर

## तस्करी के आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा



**इंदौर. एरोड्रम पुलिस ने ब्राउन शुगर की डिलीवरी देने पहुंचे एक युवक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से 8.75 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की है. इसकी अनुमानित कीमत करीब 87 हजार रुपये बताई जा रही है, साथ ही एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है.**

पुलिस उपायुक्त जोन 1 कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि थाना प्रभारी एरोड्रम तरुण सिंह भाटी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर तुरंत दबिश दी.

सूचना मिली थी कि रात करीब 1.30 बजे गणेश धाम, सुखदेव विहार कॉलोनी के पास एक युवक ब्राउन शुगर की डिलीवरी देने के लिए खड़ा है. सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध को पकड़ लिया. तलाशी के दौरान उसकी पेंट की पिछली जेब से पॉलिथीन में रखी 8.75 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुमित पथरोड़ उम्र 24 वर्ष, निवासी पंचवटी नगर, 60 फीट रोड बताया. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ की सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है.

## एक नजर में

### कांग्रेस ने सोन को वार्ड 7 का अध्यक्ष बनाया



**महू.** प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर महू शहर में वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया. इसमें जगमोहन सोन को वार्ड 7 का अध्यक्ष बनाया गया. यह जानकारी राजकुमार बागड़ी ने दी. उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 7 की कमेटी के गठन की प्रक्रिया तय समयानुसार प्रारंभ हुई, जिसमें प्रभारी दीपक डंडीर, सह प्रभारी मलिक खान एवं अतिथियों का स्वागत वार्ड प्रमुख रामराज वर्मा एवं कपिल सोलंकी ने किया. वार्ड अध्यक्ष के लिए आए 5 नाम में से वार्ड के प्रमुख रामराज वर्मा, कपिल सोलंकी, राजकुमार बागड़ी, अविनाश सिंह, अभिषेक मरोलिया सहित अन्य की सहमति एवं सत्येंद्र यादव एवं मयूर वर्मा के समर्थन से जगमोहन सोन को अध्यक्ष बनाया गया. अध्यक्ष की घोषणा प्रभारी दीपक डंडीर ने की. इस अवसर पर वार्ड के साकिर खान, मनमोहन कौशल, चिमन पाल, सचिन गुप्ता, अमित वर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### बामणिया कुंड में प्रतिबंध के बावजूद लापरवाही



**महू.** बड़गोंदा थाना क्षेत्र स्थित बामणिया कुंड में प्रतिबंध के बावजूद लोगों की लापरवाही जारी है. चेतावनी बोर्ड और पाबंदियों के बावजूद लोग झरने तक पहुंच रहे हैं और खाई में उतरकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं. इस कुंड में डूबने से कई लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन इन हादसों के बावजूद लोग सबक नहीं ले रहे हैं. रविवार सुबह भी कुछ युवक खाई में उतर गए. वे झरने के पास खड़े होकर सेल्फी लेते देखे गए, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई थी. स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का सख्ती से पालन नहीं कराया जा रहा है. उन्होंने पुलिस और प्रशासन से मौके पर निगरानी बढ़ाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके.

### इन्दौर कराते चैम्पियनशिप-2026 का आयोजन



**महू.** जयगोविंद गोपीनाथ स्कूल में द्रोणाचार्य स्पोर्ट कराते एसोसिएशन इन्दौर ने इन्दौर कराते चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन किया. इसमें इन्दौर जिले के कई प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया. इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी हुए सभी प्रतिभागियों का प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयन किया गया.

### दाल मिल में चोरी का खुलासा : दो नाबालिग हिरासत में

**इंदौर.** आजाद नगर थाना क्षेत्र स्थित दाल मिल में हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. मामले में दो नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लिया गया है, जिनके पास से चोरी की गई चांदी की मूर्तियां, चांदी के सिक्के और एक यूपीएस बरामद किया है.

आजाद नगर थाना प्रभारी लोकेश भदौरिया ने बताया कि आरोपियों ने दाल मिल के दफ्तर में रखी तिजोरी से कीमती सामान चोरी किया था. चोरी के दौरान उन्हें लगा कि सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग डीवीआर में होती है, इसलिए सबूत मिटाने के इरादे से उन्होंने पास रखा यूपीएस ही उठा लिया. शिकायत के बाद पुलिस ने जांच करते हुए दोनों नाबालिगों को घेराबंदी कर पकड़ा. पूछताछ में उन्होंने वारदात कबूल कर ली, पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों ने और किन वारदातों को अंजाम दिया है.

### अस्पताल में इलाज के दौरान कैदी की मौत

**इंदौर.** केंद्रीय जेल इंदौर में बंद एक कैदी की बीमारी के चलते अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. मृतक का नाम 47 वर्षीय राजेश पिता रघुनाथ बताया गया है, वह चेक बाउंस के एक प्रकरण में जेल में बंद था. जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने बताया कि राजेश पिछले कुछ समय से गंभीर रूप से बीमार चल रहा था, जिसके चलते उसे जेल से अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया. पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. न्यायिक जांच के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा.

# राऊ में मिले युवक के शव मामले में हत्या का शक

## पत्नी व मायके पक्ष पर परिजनों ने लगाए आरोप



**इंदौर. राऊ क्षेत्र में मिले युवक के शव की पहचान होने के बाद रविवार को उसके परिजन उत्तर प्रदेश से इंदौर पहुंचे और मामले को आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या बताया. मृतक के पिता और बहन ने युवक की पत्नी और उसके मायके पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है.**

एसआई राधेश्याम कनारे ने बताया कि 5 फरवरी की देर रात एमराल्ड स्कूल के पीछे एक युवक का शव मिला था, जिसे प्रारंभिक रूप से आत्महत्या का मामला माना जा रहा था. जिला अस्पताल में उसकी पहचान प्रवीण काछी पिता राजकुमार काछी के रूप में हुई.

प्रवीण राऊ स्थित एक चॉकलेट फैक्ट्री में काम करता था और मूल रूप से इटावा, उत्तर प्रदेश का निवासी था. पहचान के बाद परिजनों को सूचना दी गई. परिवार के लोग रविवार को इंदौर पहुंचे. मृतक के पिता राजकुमार ने बताया कि प्रवीण और उसकी पत्नी अवनी के बीच विवाद हुआ था. आरोप है कि अवनी ने अपने मायके पक्ष के रिश्तेदारों के साथ मिलकर प्रवीण के साथ मारपीट की, जिसके बाद वह घर से चला गया था.

### पत्नी ने की थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

पुलिस ने बताया कि उसी रात अवनी थाने पहुंची थी और पति के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस ने अज्ञात शव मिलने की सूचना देकर पहचान की प्रक्रिया करवाई थी. रविवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया, लेकिन इस दौरान पत्नी अवनी मौजूद नहीं रही. पुलिस को यह भी पता चला है कि वह ससुर और ननद के इंदौर पहुंचने से पहले ही उत्तर प्रदेश स्थित अपने मायके चली गई थी. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और परिजनों के आरोपों के आधार पर सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है.

# सुगनीदेवी कॉलेज परिसर में बेहोश मिली युवती की मौत

- **हत्या के आरोप में लिव-इन पार्टनर गिरफ्तार**
- **अन्य लोगों से संबंध होने की शंका में कर दी हत्या**



**इंदौर. सुगनीदेवी कॉलेज परिसर के पास गंभीर हालत में मिली युवती की एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. युवती को शनिवार सुबह राहगीरों ने घायल अवस्था में देखा था, जिसके बाद पुलिस एफआरवी की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया. युवती के हाथों और शरीर पर कई टैटू बने हुए थे, वहीं शरीर पर ब्लेड से काटने जैसे पुराने निशान भी पाए गए. प्रारंभिक जांच में डॉक्टरों को उसके साथ ज्यादती की आशंका हुई, जिसके चलते मेडिकल सैंपल भी लिए थे.**

डीसीपी कुमार प्रतीक ने बताया कि पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि युवती पर हमला तीन पुलिया क्षेत्र में रहने वाले उसके 45 वर्षीय लिव-इन पार्टनर मुकेश कोरी ने ही किया था. थाना प्रभारी आरडी कानवा की टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है, युवती के बारे में पता चला है कि वह मूल रूप से इटारसी की रहने वाली थी और पिछले कुछ वर्षों से इंदौर में रह रही थी. वह और मुकेश नशे के आदी थे और कुछ समय से साथ रह रहे थे. शनिवार की देर रात दोनों ने परदेशीपुरा क्षेत्र से शराब खरीदी और एक खाली मैदान में बैठकर पी.

शराब पीने के दौरान युवती के अन्य युवकों से संबंध होने के शक को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया. नशे की हालत में मुकेश ने पास पड़े पत्थर से युवती के सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर दिए और उसे गंभीर हालत में छोड़कर फरार हो गया. सुबह करीब साढ़े छह बजे लोगों ने युवती को खून से लथपथ हालत में देखा और पुलिस को सूचना दी. पहले पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था, लेकिन युवती की मौत के बाद अब धाराएं बढ़ाकर हत्या का केस दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है. फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है. मामले में जल्द ही चार्जशीट तैयार कर न्यायालय में पेश की जाएगी.

### मोबाइल हैक कर की 82 हजार की ऑनलाइन शॉपिंग

**इंदौर.** सांवेर थाना क्षेत्र के ग्राम अजनोद में एक साइबर ठगी का मामला सामने आया है. थाना प्रभारी विजयशंकर महोबिया ने बताया कि 32 वर्षीय फरियादी हरिओम पटेल ने थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बिना उसकी सहमति मोबाइल फोन हैक कर लिया और उसके फ्लिपकार्ट अकाउंट का दुरुपयोग करते हुए ऑनलाइन शॉपिंग कर करीब 82 हजार 543 रुपये की धोखाधड़ी कर ली. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस और आईटी एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# लव जिहाद के आरोपी जिम ट्रेनर पर फिर छेड़छाड़ का केस

### नाम बदलकर हिंदू युवतियों को फंसाने के आरोप

**इंदौर.** लव जिहाद के एक पुराने आरोपी के खिलाफ राऊ पुलिस ने एक बार फिर महिला से छेड़छाड़ और धमकी का मामला दर्ज किया है. आरोपी मुस्तफा उर्फ गब्बार निवासी सिलीकॉन सिटी पेशे से जिम ट्रेनर है और हिंदू नाम से व पहचान बदलकर युवतियों को प्रेम जाल में फंसाने के आरोपों में पहले भी जेल जा चुका है.सिलीकॉन सिटी निवासी एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि मुस्तफा पिछले करीब 15 दिनों से उसे परेशान कर रहा था और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था. बजरंग दल के कार्यकर्ता अनिल पाटिल महिला को लेकर थाने पहुंचे, जिसके बाद प्रकरण दर्ज किया. पाटिल ने पुलिस को बताया कि आरोपी पूर्व में द्वारकापुरी थाना क्षेत्र की एक युवती को हिंदू बनकर प्रेम जाल में फंसाकर उसका शोषण कर चुका है. उस मामले में वह जेल भी गया था. इसके बाद उसने पीड़िता की मदद करने वाले एक पुजारी पर हमला किया था और कोर्ट में बयान देने के दौरान युवती को धमकाया था, जिस पर एमजी रोड थाने में केस दर्ज हुआ था. इसके अलावा आरोपी पर एक बोहरा समाज की युवती से वसूली का मामला, जिम में एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने का केस (राऊ थाना) भी दर्ज है. बजरंग दल ने आरोपी को आदतन अपराधी बताते हुए उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### नाबालिग छात्रा से रेप, जबरन करवाया धर्म परिवर्तन

**इंदौर.** मंदसौर की 10वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा के साथ यौन शोषण और धर्म परिवर्तन का गंभीर मामला सामने आया है. आरोपी शकील मोहम्मद ने सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर छात्रा को बहलाया और मंदसौर से रतलाम, इंदौर होते हुए दिल्ली व गाजियाबाद ले गया. आरोपी ने अलग-अलग जगहों शोषण किया और गाजियाबाद में जबरन कलमा-नमाज पढ़वाकर धर्म परिवर्तन कराया. छात्रा का नाम भी बदलकर मुमताज रख दिया. दलित समाज के नेता मनोज परमार के नेतृत्व में आंदोलन हुआ, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिग को सुरक्षित परिजनों को सौंपा.

**एक नजर में** — इस जर्जर मार्ग से जुड़ी कॉलोनियों में लगभग 90 प्रतिशत आबादी मजदूर, मध्यम और निम्न आय वर्ग की है

# कई कॉलोनियों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क बदहाली का शिकार

**इंदौर. शहर में नगर निगम की अनदेखी और लापरवाही के कारण विकास कार्य सुस्त या आधे-अधूरे हैं, जिससे जनता परेशान है. प्रमुख समस्याओं में गंदा पानी, टूटी सडकें, और अधूरे पुल शामिल हैं. इस वजह से रहवासियों को काफी समय से असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है.**



शहर की जनसमस्याओं को लेकर एक बार फिर वार्ड क्र.-1 से गंभीर मामला सामने आया है.यहां की मुख्य सडक जो कई कॉलोनियों को जोड़ती है और एयरपोर्ट की ओर जाने वाला प्रमुख मार्ग भी है, पिछले कई वर्षों से बदहाली का शिकार बनी हुई है. इस मार्ग से जुड़ी कॉलोनियों में लगभग 90 प्रतिशत आबादी मजदूर वर्ग, मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग की है, जो रोजाना इसी सडक से आवागमन करने को मजबूर है. सडक की स्थिति इतनी जर्जर हो चुकी है कि जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ी हुई गिट्टी और उड़ती धूल लोगों की परेशानी का कारण बने हुए हैं. बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, जब गड्ढों में भरा पानी दुर्घटनाओं को न्योता देता है. आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिरते रहते हैं. इससे कई लोग चोटिल हो चुके हैं, वहीं भारी वाहन असंतुलित होकर पलटने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं. स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि आंख मूंदे बैठे हैं. सवाल यह है कि क्या किसी बड़ी जनहानि के बाद ही प्रशासन जागेगा या फिर जनता यूं ही खस्ताहाल सडक पर जान जोखिम में डालकर चलती रहेगी?

### यह बोले रहवासी...



20 साल पहले रोड बना था, तब से आज तक इसकी मरम्मत तक नहीं की गई है. जब भी चुनाव आते हैं नेता और जनप्रतिनिधि कहते हैं, जिता दो रोड बना देंगे, लेकिन अभी तक तो नहीं बना. **- देवकुंवर सिसोदिया**



क्षेत्र की आधा दर्जन कॉलोनियां इस मार्ग से जुड़ी हुई हैं. मार्ग पर बारह महीने कीचड़ बना रहता है. बरसात में इतना पानी भर जाता है कि आने-जाने में लोगों की मुसीबतें और बढ़ जाती हैं. **- मोहम्मद जहीर**



गड्ढों के कारण वाहन गिरते रहते हैं. सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों की है. दुकानों पर ग्राहक रुकता ही नहीं. इसका व्यापार पर भी असर पड़ रहा है. पक्की सडक जल्दी बने तो लोगों को सुविधा मिल सकेगी. **- धर्मेंद्र चौहान**



पिछले कई वर्षों से सडक नहीं बनी है. इस मार्ग के निर्माण के लिए मैंने पूरे प्रयास किए हैं, जल्द पक्की सडक के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा. **- महेश चौधरी पार्षद**